//

Vishal,
M.S.J. college,
Rajnagar

← एस्कीमो →

(A) निवास क्षेत्र एवं संख्या (Habitat and number) → आर्कटिक तट पर हिमाच्छादित Tundra क्षेत्र (कनाडा का उ० तट, बेफिन द्वीप, उ० अलास्का, हडसन खाड़ी के उ० तट, ग्रीनलैंड, उ० पू० साइबेरिया) में 60-80°N अक्षांशों के बीच आर्कटिक एस्कीमो बिखरे हैं। ओलेगा स्ट्रेट से ग्रीनलैंड तक 5500 km पेटी में सिर्फ 3600 एस्कीमो हैं।

(B) जलवायु → उपध्रुवीय अति ठंड (ET) जलवायु है। 9 महिने हिमपात होता है। शीतकाल लम्बा, कठोर (-45°C तक) और ग्रीष्म छोटा, ठंडा (हिमांक से कुछ ही अधिक) होता है। Blizards चलती है।

(C) प्रा० वनस्पति → 2-3 माह के ग्रीष्म में शैवाल, लिचेन, घास, मॉस, फूल उग आते हैं। ग्रीष्म समाप्त होते ही हिम से ढंक जाते हैं।

(D) प्रजाति → इन्हें रेड इण्डियन ने एस्कीमो (कच्चा मांस खाने वाला) कहा। पर ये अपने को इनुइत (मानव) कहते हैं। अधिकांश इन्हें ~~रेड इण्डियन~~ प्रजाति का मानते हैं। वस्तुतः ये मंगोलाइड प्रजाति के लगते हैं।

(E) शारीरिक बनावट → सिर लम्बा (Dolichocephalic), सिर-सूचकांक 77 से कम, कपाल धारिता कम, काले-मोटे-कड़े सीधे बाल, चपटी मझोली (Mesorhine) नाक, नासिका सूचकांक 70-85, चौड़ा, सपाट-गोल चेहरा, उभरे गाल, उभरा जबड़ा, मजबूत दाँत, रंग पीला, आँखें छोटी, कत्थई, नेत्र सूचकांक 90-95, पलकें मुड़ी-मंगोल नेत्र-मोड़ वाली, ऊँ० 150-163 cm होती है। ~~कायक~~ नाव में बैठे रहने से कमर के नीचे कमजोर होता है। रक्त वर्ग O है।

(F) शिकार → प्रमुख पेशा है।

(i) शीतकालिन शिकार → इस समय ये समुद्र पर जमी बर्फ पर निवास बनाकर सील का शिकार करते हैं। सील के साँस लेनेवाले हिम छिद्र में ये छड़ी लगा देते हैं। जिसके हिलते ही ये हारपून मार के वार करते हैं। इस विधि को "माउपोक" (प्रतिक्षा करना) कहते हैं। ग्रीनलैंड में "इतिआरपोक" विधि है। जिसमें चारे और हारपून द्वारा दो एस्कीमो मिलकर सील का शिकार करते हैं।

(ii) बसन्तकालिन शिकार → जल-स्रोत खुलने लगते हैं। शिकारी कुत्ते के साथ धूप सेंकती सील को छिपकर हारपून से मारते हैं।

Scanned with CamScanner

ऐसे शिकार को 'उयोक' कहते हैं।

ह्वेल, वालरस का शिकार नाव पर चढ़कर हारपून से करते हैं। स्लेज पर चढ़ कर कुत्ते की मदद से ध्रुवीय भालू, कैरीबू, सियार को मारते हैं। ध्रुवीय कस्तूरी बैल (Musk ox) को कुत्तों से घेर कर मारते हैं।

शिकार की खोज में आवास बदलते रहते हैं।

(iii) ग्रीष्मकालीन शिकार → इस काल में ये भूमि भागों पर निवास बनाते हैं और कैरीबू, बारहसिंगे को दलदल में फँसाकर तीर से मारते हैं। खरगोश, भेड़िये, बतख आदि का शिकार भी करते हैं। काँटा-डोरी से सालमन, ट्राउट आदि मछलियाँ मारते हैं।

(3) वस्त्र → सील, कैरिबू की खाल और ध्रुवीय भालू के बाल से वस्त्र पहनते हैं। औरतें वस्त्र बनाती हैं। पुरुष बाल या कोटदार वस्त्र (टिमियाक) पहनता है। ऊपर टोपीनुमा घुघला होता है। कॉलर और बाँहों पर बालदार खाल होती है। टिमियाक के ऊपर "अनोराक" पहनते हैं। खाल का पजामा वाटरप्रूफ जूते (कमिक) भी पहनते हैं।

स्त्रियों का पजामा पुरुषों से छोटा होता है। जूते पुरुषों से लम्बे होते हैं। माताएँ "अमाउत" पहनती हैं। जिसकी पीठ पर लगे थैले में बच्चे को रखती हैं।

ग्रीनलैंड तट पर सभी नंगे रहते हैं। बाल नहीं कटवाते। हड्डी में छिद्र का चश्मा पहनते हैं।

(4) अस्त्र-शस्त्र → हड्डी के छुरे, चाकू, बर्छी, हारपून, धनुष, बँसी, लकड़ी या हड्डी के डंडे, ताँत की डोरी का उपयोग करते हैं।

(5) परिवहन साधन →

(i) स्लेज → लकड़ी या ह्वेल की हड्डी, चमड़े की रस्सी, बारहसिंगे के सींग से बनी, कुत्तों द्वारा खींची जानेवाली इस बिना पहिए की गाड़ी का उपयोग, बर्फीले टुण्ड्रा क्षेत्र में करते हैं।

(ii) कायाक → पुरुषों द्वारा समुद्री शिकार में प्रयुक्त। इस नाव पर सील की खाल मढ़ी होती है।

(iii) उमियाक → स्त्रियों द्वारा खेई जानेवाली यह House boat कुछ चौड़ी होती है।

Scanned with CamScanner

(ग) घर → पत्थर, हड्डी, खाल, बर्फ से घर बनाते हैं। बर्फ के घर (इग्लू) गोल होते हैं। छोटे दरवाजे से रेंग कर घुसते हैं। आन्तरिक छत फर्श और बर्फ की दीवार पर खाल की खोल चढ़ी होती है। प्रकाश और ताप के लिए चर्बी, काई की बत्ती में पत्थर के दीए जलाते हैं। ग्रीष्म में खाल के तम्बु में रहते हैं।

(ङ) संस्कृति → विषम परिस्थिति एवं दरिद्रता के बावजूद ये प्रसन्न रहते हैं। जीवन पिछड़ा है। स्नान नहीं करते। कुपोषण के कारण आयु कम है। चतुर शिकारी और जादुगर का आदर होता है, भूत-प्रेत में आस्था है। सेडना (समुद्र देव) को पूजते हैं।

ये साहसी, निडर, सरल, मधुर स्वभाव के और अतिथि प्रेमी हैं। ईर्ष्या, चोरी, झूठ, गाली आदि दुर्गुण नहीं होते।

इन पर विषम ~~अ~~ परिस्थितीयों की छाप है।

" Man is the Product of the earth's surface, she has entered into his bones and tissues, into his mind and soul " — Miss E.C. Semple.



एस्किमों Eskimo



Scanned with CamScanner